# BK BIRLA CENTRE FOR EDUCATION

**SARALA BIRLA GROUP OF SCHOOLS**
**SENIOR SECONDARY CO-ED DAY CUM BOYS' RESIDENTIAL SCHOOL**
**ANNUAL EXAMINATION - (2024-25)**
**HINDI**

Class: VI — Duration : 3.00 Hrs
Date : 08.03.2025 — Max. Marks: 80
Admission No.: — Roll No.:

---

नोट :

- प्रश्न -पत्र चार खंडों में विभाजित है |
- कृपया उसके अनुसार प्रश्न -पत्र हल करें |
- सभी प्रश्न अनिवार्य हैं |
- प्रश्न संख्या लिखकर उत्तर दीजिए |

---

## खंड क(अपठित बोध)

प्रश्न.1 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :-

स्वामी विवेकानंद जी का जन्म सन 1863 ई० में हुआ। बचपन में उनका नाम नरेंद्रनाथ था। वे प्रारंभ से ही कुशाग्रबुद्धि थे। उन्होंने अंग्रेजी स्कूलों में शिक्षा पाई और सन 1884 ई० में बी० ए० की डिग्री प्राप्त की। कुछ दिनों तक वे ब्रह्म समाज के शिष्य बनकर रहे। वे नित्य प्रार्थना में शामिल होते थे। वे बहुत ही मधुर आवाज में कीर्तन किया करते थे। ब्रह्म समाज के उपदेशों से जब उनका मन शांत न हुआ, तो वे इधर-उधर भटकने लगे। उन दिनों स्वामी रामकृष्ण परमहंस के प्रति लोगों की बड़ी श्रद्धा थी। नरेंद्रनाथ ने भी उनके सत्संग से लाभ उठाना प्रारंभ किया और धीरे-धीरे उनके उपदेशों से प्रभावित होकर उनकी भक्त-मडली में शामिल हो गए। उनको गुरुभक्ति इस सीमा तक पहुँच गई कि कभी वे परमहंस जी की चर्चा करते, तो एक-एक शब्द से श्रद्धा और सम्मान टपकता।

**(i)** स्वामी विवेकानंद का बचपन में क्या नाम था? **[1]**
(a) सुरेंद्रनाथ (b) देवेंद्रनाथ (c) नरेंद्रनाथ (d) महेंद्रनाथ

**(ii)** विवेकानंद जी का जन्म कब हुआ था? **[1]**
(a) 1868 ई (b) 1863 (c) 1861 ई (d) 1865 ई

**(iii)** विवेकानंद जी सबसे पहले किसके शिष्य थे? **[1]**
(a) ब्रह्म समाज (b) आर्य समाज (c) रामकृष्ण मिशन (d) सनातन धर्म

**(iv)** स्वामी विवेकानंद जी ने किस स्कूल से कौन सी डिग्री प्राप्त की ? **[2]**

**(v)** स्वामी जी ने किसके सत्संग से लाभ उठाना शुरू किया ? **[2]**

प्रश्न.2 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :-

चीन, कोरिया और जापान में खेला जाने वाला 'कुंग फू' खेल अब पूरी दुनिया में खेला जाता है. जिसमें नायक और खलनायक तीस फीट तक उछलकर एक-दूसरे पर प्रहार करते हैं। 'कुंग फू' खेल के आविष्कार की बड़ी ही रोचक कथा है। दो हजार वर्ष पूर्व एक चीनी चिकित्सक 'हुआ-तु' ने इसका आविष्कार किया था। वे अपने मरीजों को स्वस्थ रहने के लिए 'कुंग फू' व्यायाम करने की सलाह देते थे। इस व्यायाम से लोगों ने महसूस किया कि उनका मस्तिष्क आराम पाता है और शरीर में ऊर्जा का संचार होता है। यह एक ऐसा व्यायाम था. जिसमें नृत्य सम्मिलित था। इस प्रकार चीनी चिकित्सक की 'कुंग फू' विद्या को बाद में आधुनिक जगत के चिकित्सकों ने अपनाया। शेंगमेन, हंग-गर और एक तिब्बती शैली के नाम से अंतर्राष्ट्रीय खेलों में इसे सम्मान मिला है। इस खेल से आत्मसुरक्षा की भावना भी जाग्रत होती है।

(i) 'कुंग फू' खेल की शुरूआत सबसे पहले किन देशों में हुई? **[1]**

(a) नेपाल, चीन, तिब्बत (b) जापान, चीन, नेपाल

(c) चीन, कोरिया, जापान (d) नेपाल, चीन, कोरिया

(ii) 'कुग-फू' खेल का आविष्कार किसने किया? **[1]**

(a) हुआ-तु (b) खुफा-चे

(c) हुआ-से (d) हुआ-चे

(iii) 'हुआ-तु' कौन थे? **[1]**

(a) जापानी चिकित्सक (b) नेपाली चिकित्सक

(c) चीनी चिकित्सक (d) कोरिया के चिकित्सक

(iv) इस खेल से कौन सी भावना जागृत होती है? **[2]**

(v) कुंग फ़ू खेल का आविष्कार कितने साल पहले किया गया था? **[2]**

## खंड ख (व्यावहारिक व्याकरण)

प्रश्न 3 दिए गए शब्दो के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए **(any two):-** **[1×2=2]**

(i) सूर्य (ii) आकाश (iii) अमृत

प्रश्न 4 दिए गए शब्दों के विलोम शब्द लिखिए**(any two): -** **[1×2=2]**

(i) धनी (ii) प्रकाश (iii) राग

प्रश्न 5 दिए गए शब्दों लिंग बदलिए **(any two):-** **[1]**

(i) सेठ (ii) कवि (iii) युवक

प्रश्न 6 निर्देशानुसार उत्तर लिखिए **(any one):-** **[1]**

(i) सकर्मक क्रिया की परिभाषा लिखकर एक उदाहरण लिखिए।

(ii) अकर्मक और सकर्मक क्रिया में क्या अंतर होता है ?

प्रश्न **7** दिए गए वाक्यों को पढ़कर काल का नाम बताइए **(any two)** :- **[1×2=2]**

(i) बच्चे मैदान में खेल रहे हैं।

(ii) रोहन एक कहानी सुनाएगा।

(iii) जब तुम नहीं आए थे तब शिक्षक ने पाठ पढ़ाया था।

प्रश्न 8 दिए शब्दों में मूल शब्द और उपसर्ग अलग-अलग कीजिये **(any two)** :- **[1×2=2]**

(i) आजीवन (ii) अतिरिक्त (iii) प्रतिवाद

प्रश्न 9 सर्वनाम शब्दों का वाक्य में प्रयोग कीजिए **(any two):-** **[1×2=2]**

(i) जैसी,वैसी (ii) कोई (iii) आप

प्रश्न 10 दिए गए वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखिए **(any two):-** **[1×2=2]**

(i) सात दिनों का समूह

(ii) जिसका कोई अंत न हो

(iii) जिसके माता -पिता न हो

प्रश्न 11 मुहावरों के अर्थ लिखकर अपने वाक्य में प्रयोग कीजिए **(any two): -** **[1×2=2]**

(i) चेहरा पीला पड़ना

(ii) आग बबूला होना

(iii) हवा से बाते करना

## खंड ग (पाठ्यपुस्तक)

प्रश्न **12** निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नो के उत्तर दीजिए - **[5]**

अलगू चौधरी और जुम्मन शेख दोनों दोस्त थे। उन दोनों में गहरी मित्रता थी। वे दोनों किसान थे। उनकी मित्रता के दूर-दूर तक थे। जुम्मन शेख की एक बूढ़ी विधवा मौसी थीं। उनके तीन-चार खेत थे। उनकी कोई संतान नहीं थी। जुम्मन के सिवाय उनका कोई नहीं था। वे बूढ़ी हो गई थीं और खेतों की देखभाल नहीं कर सकती थीं। इसलिए मौसी ने अपने खेत जुम्मन के नाम लिख दिए।

कुछ दिन तक सब कुछ ठीक चलता रहा लेकिन कुछ समय बीत जाने के बाद जुम्मन और उसकी पत्नी के व्यवहार में मौसी के प्रति कड़वाहट आने लगी थी। जुम्मन और उसकी पत्नी ने मौसी की सेवा से मुँह मोड़ लिया। बात-बात पर उनका अपमान होने लगा। जब मौसी से अपमान न सहा गया. तब दुखी होकर उन्होंने जुम्मन से कहा, "अब तुम्हारे साथ मेरा गुजारा नहीं हो पाएगा। तुम मुझे हर महीने कुछ रुपए दे दिया करो। मैं अपने रहने का अलग प्रबंध कर लूँगी।" जुम्मन ने कहा, "रुपए! रुपए क्या पेड़ पर उगते हैं?"

मौसी बोलीं. "मेरे खेतों से भी तो कुछ कमाई होती होगी न!" तपाक से उत्तर देते हुए जुम्मन ने कहा, "उन खेतों से इतनी कमाई नहीं होती कि मैं तुम्हें अलग से रुपए दे सकूँ।"

**(i)** अलगू चौधरी के दोस्त का क्या नाम था**?**

(a) समझू साहू (b) जगत सिंह (c) जुम्मन शेख (d) जसपाल

(ii) अलगू और उसका दोस्त कौन- सा काम करते थे**?**

(a) नौकरी (b) किसानी (c) गायक (d) डॉक्टर

(iii) बूढ़ी विधवा मौसी किसके साथ रहती थी**?**

(a) अलगू चौधरी (b) नारायणदास (c) जुम्मन शेख (d) रतन सिंह

(iv) मौसी ने अपने खेत किसके नाम लिख दिया था**?**

(a) जुम्मन शेख (b) समझू साहू (c) बेटा सिंह (d) गोपालदास

(v) इस कहानी में पंच को क्या बताया गया है**?**

(a) सैनिक (b)सेवक (c)परमेश्वर (d) पंडित

प्रश्न **13** निम्नलिखित पठित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नो के उत्तर दीजिए **:-** **[5]**

आया सुभग सवेरा राही |
अग --जग की निद्रा है टूटी ,
अरूण किरण अंबर में छूटी ,
किया मलय ने फेरा राही!|
आया सुभग सबेरा राही !
डाल-डाल में फूटी कोपल ,
स्वर्णिम ,ताम्र,नील और उज्जवल,
किसने रंग बिखेरा राही!
आया सुभग सबेरा राही !

(i) इस कविता के कवि का नाम लिखिए **?**

(a) हरीवंश राय बच्चन (b) सोहनलाल द्विवेदी

(c) रमेश द्विवेदी (c) भारतेन्दु हरिश्चंद्र

(ii) इस कविता में किस समय का वर्णन है **?**

(a) सुबह (b) दोपहर (c) रात (d) संध्या

(iii) आकाश में किसकी किरणे फैल गई है **?**

(a) बादल (b) पवन (c) सूर्य (d) तारो

(iv) डाल -डाल में क्या फूटे हुए हैं**?**

(a) कोमल पत्ते (b) तारे (c) दाने (d) बीज

(v) इस कविता का नाम क्या है**?**

(a) भूल गया क्यों इंसान (b) बंधन का सुख

(c) नव प्रभात (d) झाँसी की रानी

प्रश्न **14** निम्नलिखित प्रश्नो के उत्तर दीजिए **:-** **[14)]**

(i) गुरुकुल में गुरु जी को कितने शिष्य गुरु -दक्षिणा देना चाहते थे?

(ii) आंध्र प्रदेश में मकर संक्रांति कितने दिनों तक और कैसे मनाई जाती है?

(iii) अरुणा और चित्रा का क्या संबंध था? उन दोनों के क्या शौक थे?

(iv) गोवर्धनदास को सिपाही क्यों पकड़ कर ले गए थे?

(vi) मीरा को मारने के लिए राणा ने क्या भेजा और वह किस रूप में बदल गया ?

(vii) लक्ष्मीभाई का विवाह किसके साथ हुआ ?उनकी कौन सी ख़ुशी ज्यादा दिन तक ठहर सकी?

(vii जुम्मन और अलगू चौधरी की दोस्ती दुश्मनी में कैसे बदल गई ?

प्रश्न **15** निम्नलिखित मूल्यपरक प्रश्नो के उत्तर दीजिए **(any two):-** **[6]**

(i) गुरु जी दवारा सुनाई गई कहानी में किसने किस -किस तरह से सूखी पतियों का इस्तेमाल किया ?

(ii) प्रातःकाल का दृश्य कैसा होता है ? अपने शब्दों में लिखिए |

(iii) जुम्मन को अपनी गलती का एहसास कब और कैसे हुआ ?

खंड घ लेखन- कौशल**:**

प्रश्न **16** चित्र को देखकर सौ शब्दों में अपने विचार लिखिए **:-** **[5]**



प्रश्न **17** निम्नलिखित विषयों किसी एक पर अनुच्छेद लिखिए **:-** **[5]**

(i) मेरा विद्यालय **(**स्कूल**)**

(ii) कंप्यूटर का महत्व

प्रश्न **18** निम्नलिखित विषयों पर किसी एक पर **50** शब्दों में संवाद लिखिए **:-** **[5]**

(i) फलवाले और ग्राहक के बीत बातचीत

(ii) विद्यालय से लौटने पर दादा और पोते के बीच संवाद

प्रश्न **19** निम्नलिखित विषयों पर किसी एक पर पत्र लिखिए **:-** **[5]**

(i) अवकाश प्राप्ति हेतु प्रधानाचार्य को प्रार्थना -पत्र लिखिए |

अथवा

(ii) परीक्षा में प्रथम आने पर पाने बड़े भाई को बधाई देते हुए पत्र लिखिए

================================== समाप्त ==================================